पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 262 हल्द्वानी सोमवार , 27 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठः 8

## कलेक्ट्रेट परिसर में वकील ने कार में खुद को गोली मारकर दी जान

### अधिवक्ता के डिप्रेशन में होने की चर्चा, कार में सुसाइड नोट बरामद

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी से आज एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां कलेक्ट्रेट परिसर की पार्किंग में खड़ी कार के भीतर एक वकील ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अधिवक्ता पूरन सिंह भाकुनी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और कलेक्ट्रेट परिसर में शोक का माहौल छा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्ट्रेट पार्किंग में खड़ी एक कार से अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आसपास मौजूद लोगों ने जब कार के पास जाकर देखा तो वकील पूरन सिंह भाकुनी लहूलुहान हालत में पड़े थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची



और कार का दरवाजा खोलकर शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में सिर पर गोली लगने की पुष्टि हुई है। मौके से एक पिस्टल भी बरामद हुई, जो मृतक के हाथ में पाई गई।

पुलिस को कार के डैशबोर्ड से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सूत्रों के अनुसार सुसाइट नोट में मृतक ने अपनी गंभीर बीमारी से परेशान होने की बात लिखी है। उन्होंने लिखा कि अब वह जिंदगी की गाड़ी आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। साथ ही कुमाऊं आयुक्त, डीएम और एसएसपी से उनकी पत्नी का ध्यान रखने की अपील की गई है, ताकि वह किसी गलत कदम की ओर न बढ़ें। हालांकि पुलिस ने अभी सुसाइट नोट की सामग्री की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और सुसाइड नोट व फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में वकीलों और कर्मचारियों के बीच गहरा शोक और स्तब्धता का माहौल है। हर कोई इस दुखद घटना से आहत नजर आ रहा है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर नैनीताल पुलिस सख्त

**भवाली।** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस ने नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। एसएसपी द्वारा हल्द्वानी, भवाली और नैनीताल के प्रभारी निरीक्षकों को अभियान चलाकर आमजन से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस द्वारा अवैध रूप से वाहनों पर लगी काली फिल्म, बहुरंगी फ्लैशर लाइट, हूटर/सायरन का अनधिकृत प्रयोग, ड्रंक एंड ड्राइव, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट वाहन संचालन और फर्जी नंबर प्लेट के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। भवाली क्षेत्र में महेश चंद्रा के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से लगी फ्लैशर लाइट के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 04 वाहनों से फ्लैशर उतरवाए गए तथा 04 चालान कर रु. 2000 संयोजन शुल्क वसूला गया।

## एक नजर

### कल से बदलेगा मौसम, तीन दिन बारिश के आसार

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलेगा। मौसम विज्ञान विभाग देहरादून ने 28 अप्रैल को नैनीताल, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और तेज बारिश और 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने की संभावना जताई है। इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही 29 अप्रैल को नैनीताल, देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही 28 से 30 अप्रैल तक अन्य जिलों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और तेज बारिश और झोंकेदार हवा चलने की संभावना के दृष्टिगत यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने नैनीताल, देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के जिलाधिकारियों को पत्र भेज सावधानियां सुनिश्चित करने को कहा गया है। आपदा प्रबंधन आईआरएस प्रणाली के नामित सभी अधिकारी व विभागीय नोडल अधिकारी हाई अलर्ट पर रहेंगे।

### सुहावने मौसम वाला दून गर्मी से बेहाल

**देहरादून।** कभी सुहावने मौसम के लिए पहचाने जाने वाले देहरादून में इन दिनों भीषण गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते दोपहर के समय लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। रविवार को अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब पांच डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान भी औसत से तीन डिग्री ज्यादा 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तेज धूप और लू के कारण शहर की रफ्तार थम सी गई है। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, वहीं बाजारों में भी भीड़ न के बराबर रही। जरूरी कार्य से बाहर निकलने वाले लोग भी सिर और चेहरे को ढककर ही निकलते नजर आए। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए भी लू चलने की चेतावनी जारी की है। अनुमान है कि तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है, जिससे गर्मी का असर और बढ़ेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सीएस तोमर के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। उन्होंने लोगों से खासकर दोपहर के समय सावधानी बरतने की अपील की है।

## स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की समीक्षा

### मुख्य सचिव ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के दिये निर्देश




**देहरादून।** सचिवालय में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने अधिकारियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक समग्र एवं प्रभावी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में शीघ्र विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने मार्गों एवं जनपदों के प्रवेश स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्गों और धामों के आसपास विशेष स्वच्छता बनाए रखने तथा उपलब्ध कराए गए फंड का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा।मुख्य सचिव ने प्रदेश में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) से उपचारित जल का गैर-पेयजल कार्यों में शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके साथ ही, उन्होंने कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट्स और वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट्स को शीघ्र पूर्ण कर संचालित करने के निर्देश दिए। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की निगरानी के लिए व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम को जल्द शुरू करने पर भी जोर दिया गया।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व.चंदन राम दास को दी श्रद्धांजलि


**बागेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यलय खरेही मंडल, ग्रामीण मंडल, गरुड़ मंडल ,नगर मंडल में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व.चंदन राम दास की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली देकर याद किया गया व उनकी स्मृति में वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा के सौजन्य से चंदन के पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने उनके राजनीतिक जीवन मे विकास और आमजनमानस के साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार,को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।इस दौरान पर्यावरण क्षेत्र में कार्य सराहनीय कार्य करने के लिए वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा को सम्मानित किया गया।साथ ही विधायक पार्वती दास और विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास द्वारा नीलेश्वर स्थित गरीब बच्चों को फल एवं मिष्ठान वितरित किया गया। वही वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों का हालचाल जानते हुए आवश्यक मदद का भरोसा देते हुए फल एवं अन्य सामग्री का वितरण किया।इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया,भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदर्श कठायत, जिला महामंत्री संजय परिहार,पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, नगर मंडल अध्यक्ष विवेक तिवारी, आयोग के सदस्य बसंती देव, अनुसूचित मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा गोस्वामी आदि थे।

## चारधाम यात्रा में अब तक 2.38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड में जारी चारधाम यात्रा इस वर्ष श्रद्धा और उत्साह के नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है। यात्रा के शुरुआती दिनों में ही भारी संख्या में श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शनिवार शाम 7 बजे तक 2 लाख 38 हजार 590 तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं।

केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। 22 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 1 लाख 24 हजार 782 श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। शनिवार



को अकेले 31 हजार 160 भक्तों ने धाम में पूजा-अर्चना की। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने (23 अप्रैल) के बाद से 25 अप्रैल तक 37 हजार 884 श्रद्धालु भगवान बद्री-विशाल के दर्शन कर चुके हैं। शनिवार को यहां 13 हजार 107 श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज की गई। यात्रा के प्रथम चरण में यमुनोत्री धाम और गंगोत्री धाम में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। 19 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच दोनों धामों में कुल 75 हजार 924 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए, जिनमें यमुनोत्री में 38 हजार 206 और गंगोत्री में 37 हजार 718 श्रद्धालु शामिल हैं। चारधाम यात्रा में इस बार पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भीड़ देखी जा रही है। राज्य सरकार और पर्यटन विभाग ने यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रशासन का दावा है कि स्वास्थ्य, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सम्पादकीय

## जनगणना: विकास की धुरी, जागरूकता की पुकार

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनगणना केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं, बल्कि शासन और विकास की बुनियादी रीढ़ है। विशेष रूप से उत्तराखण्ड जैसे संवेदनशील और भौगोलिक दृष्टि से जटिल राज्य में इसकी प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। यहाँ पहाड़ों से हो रहा पलायन, खाली होते गांव, और तेजी से बढ़ते शहरी केंद्र ये सभी चुनौतियाँ सटीक आंकड़ों के बिना समझना और सुलझाना संभव नहीं। जनगणना के माध्यम से सरकार को समाज की वास्तविक तस्वीर मिलती है कितने लोग कहाँ रह रहे हैं, उनकी शिक्षा का स्तर क्या है, रोजगार की स्थिति कैसी है और किन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है। यही आंकड़े आगे चलकर नीतियों के निर्माण, बजट के आवंटन और योजनाओं के क्रियान्वयन का आधार बनते हैं। यदि आंकड़े अधूरे या भ्रामक होंगे, तो विकास की दिशा भी भटक सकती है। दुर्भाग्यवश, आज भी समाज का एक वर्ग जनगणना को लेकर उदासीन या संदेहग्रस्त रहता है। कई लोग जानकारी देने से हिचकते हैं या सही तथ्यों को छिपाने का प्रयास करते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि पूरे राज्य के विकास को प्रभावित करती है। यह समझना आवश्यक है कि जनगणना में दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय होती है और इसका उपयोग केवल नीतिगत उद्देश्यों के लिए किया जाता है। उत्तराखंड के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यहाँ की भौगोलिक विषमताएँ और सामाजिक संरचना विशेष ध्यान की मांग करती हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में जनसंख्या का लगातार कम होना और मैदानी क्षेत्रों में दबाव बढ़ना एक गंभीर संकेत है। यदि इन तथ्यों को सही रूप में दर्ज नहीं किया गया, तो भविष्य की योजनाएँ वास्तविक जरूरतों से कट सकती हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि जनगणना को एक राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में देखा जाए। प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वह पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ इसमें भाग ले। साथ ही, प्रशासन को भी चाहिए कि वह जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाए, ताकि हर व्यक्ति इस प्रक्रिया के महत्व को समझ सके। जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भविष्य की रूपरेखा तैयार करने की प्रक्रिया है। जागरूक नागरिक और पारदर्शी आंकड़े ही एक समृद्ध और संतुलित उत्तराखंड की नींव रख सकते हैं।

# जन भावनाओं के अनुरूप काम कर रही भाजपा सरकार : कैड़ा



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रूद्रपुर।** प्रदेश के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने नगर निगम परिसर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान शहर के लिए करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है और रूद्रपुर के चहुंमुखी विकास के लिए उनके मंत्रालय की ओर से संसाधनों और सहयोग की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।नगर निगम में आयोजित इस कार्यक्रम में शहरी विकास मंत्री ने कुल 1322.30 लाख की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

उनमें शहर की सूरत बदलने वाले कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। उन्होंने वार्ड संख्या 38 में राजकुमार खनिजो के होटल से लेकर रमेश कालड़ा के घर तक नाला निर्माण और विभिन्न पुलियों के लिए 40.15 लाख के कार्य का शुभारंभ किया। वहीं, वार्ड संख्या 28 स्थित सब्जी मंडी की अव्यवस्थाओं को दूर करते हुए 48.19 लाख की लागत से अस्थाई टीनशेड, सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। देवभूमि जयंती योजना के अंतर्गत वार्ड संख्या 03 ट्रांजिट कैंप स्थित सुभाष पार्क के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के लिए 159.24 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त, शहर के विभिन्न वार्डों में 494.68 लाख की लागत से हॉट मिक्स सड़कों का जाल बिछाया जाएगा, जबकि क्षतिग्रस्त सड़कों के नवीनीकरण (सरफेसिंग) के लिए 485.90 लाख के पृथक कार्य का भी शिलान्यास हुआ। 94.14 लाख से नगर निगम बाउंड्री वाल और नए द्वार के निर्माण का भी कैबिनेट मंत्री ने विधिवत शिलान्यास किया।

सभागार में जनसमूह को संबोधित करते हुए राम सिंह कैड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद और महापौर विकास शर्मा के अथक प्रयासों का ही प्रतिफल है कि आज रूद्रपुर में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि धामी जी दिन के 24 में से 20 घंटे प्रदेश को विकसित बनाने के लिए समर्पित हैं और विकास के मानकों में उन्होंने स्वर्गीय एन.डी. तिवारी जैसे दिग्गजों को भी पीछे छोड़ दिया है।

मंत्री ने जोर देकर कहा कि जिस उत्तराखंड की स्थापना अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी, उसे आज धामी सरकार अपनी संस्कृति के संरक्षण और ऐतिहासिक फैसलों के जरिए देश भर में नई पहचान दिला रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष लगाव उत्तराखंड को मिल रहा है, जिसका लाभ आज हर गली और गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि जनता सरकार के काम से पूरी तरह संतुष्ट है और 2027 में प्रदेश में एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ डबल इंजन की सरकार हैट्रिक बनाएगी।रूद्रपुर के स्थानीय नेतृत्व की सराहना करते हुए मंत्री कैड़ा ने कहा कि महापौर विकास शर्मा के महज एक साल के कार्यकाल में शहर एक मॉडल के रूप में उभरा है। यहां स्थापित प्रदेश का पहला अत्याधुनिक वेंडिंग जोन अब पूरे उत्तराखंड के लिए नजीर बनेगा और अन्य शहरों में भी इसी तर्ज पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर को सुंदर और स्वच्छ बनाने की प्रतिबद्धता ही सरकार की प्राथमिकता है। इससे पूर्व माननीय मंत्री ने रुद्रा वेंडिंग जोन, त्रिशूल चौक, ट्रंचिंग ग्राउंड आदि क्षेत्रों का स्थलीय निरिक्षण भी किया और नगर निगम के कार्यों की प्रसंशा भी की।

इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान और आधुनिक सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से रूद्रपुर को प्रदेश का सबसे व्यवस्थित और विकसित शहर बनाने की दिशा में वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे और आज जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, उन्हें समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आने वाले दिनों में कई बड़े प्रोजेक्ट रूद्रपुर में धरातल पर उतारे जायेंगे।नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने नगर निगम के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में और उनके लाभ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ,दर्जा राज्य मंत्री फरजाना बेगम, पूर्व मेयर रामपाल सिंह,भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, अमित नारंग, अनिल चौहान,धीरेन्द्र मिश्रा,मोहन तिवारी, हिमांशु शुक्ला, तरूण दत्ता, वेद ठुकराल, घनश्याम श्यामपुरिया, यशपाल घई, राकेश सिंह, ,पार्षद शालू पाल,चिराग कालरा, राजेंद्र राठौड़,मानवेंद्र राय,नीतू राय, कमल पाल, शुभम दास, शालू पाल, कुसुम शर्मा, एमपी मौर्य, पवन राना, संदीप वाल्मीकि, सोनू मुल्तानी,मुकेश राजोरिया, राजन राठौर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक के खाते से 15 लाख की निकासी

### संचालक समेत कई पर केस, मोबाइल छीनकर ट्रांजैक्शन कराने का आरोप

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** बिज्टी चौराहे के पास स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया है, जहां उपचार के लिए भर्ती युवक के बैंक खाते से करीब 15 लाख रुपये निकाल लिए जाने का आरोप लगा है। घटना के बाद पुलिस ने केंद्र संचालक सहित कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीलीभीत जनपद के माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम बलकरनपुर निवासी महिला ने बताया कि उसके पति नशे के आदी हैं। उनकी लत छुड़ाने के उद्देश्य से उन्हें सितारगंज के खटीमा रोड बिज्टी चौक के पास स्थित नवजीवन नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था।

आरोप है कि भर्ती के दौरान केंद्र संचालक रंधीर सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी ग्राम करघटिया सितारगंज और उसके साथियों हरदीप सिंह उर्फ बूटा सिंह पुत्र मोहर सिंह निवासी सितारगंज, जसवंत सिंह व अन्य ने युवक का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया। पीड़िता के अनुसार, युवक के बैंक खाते में जमीन के सौदे से प्राप्त करीब 69 लाख रुपये जमा थे और मोबाइल में नेट बैंकिंग सक्रिय थी।

महिला का कहना है कि जब वह केंद्र पहुंची तो बताया गया कि उसके पति को किसी अन्य स्थान पर रखा गया है।

वहां पहुंचने पर युवक ने आरोप लगाया कि उसके साथ मारपीट की गई और मोबाइल छीन लिया गया। इसके बाद जबरन अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराए गए।

शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने विभिन्न तिथियों में करीब पांच लाख रुपये हरदीप सिंह की पत्नी अकविंदर कौर के खाते में, 2.5 लाख रुपये केंद्र संचालक रंधीर के खाते में तथा अन्य साथियों के खातों में रकम ट्रांसफर की। कुल मिलाकर करीब 15 लाख रुपये की निकासी की बात सामने आई है।

मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बैंक खातों के लेनदेन की जांच की जा रही है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रूस भेजने के नाम पर 95 हजार की ठगी

**सितारगंज।** विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी का मामला सामने आया है। एक युवक से 1.45 लाख रुपये लेकर उसे रूस का फर्जी वीजा थमा दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित वसीम पटौदी निवासी वार्ड नंबर 5 ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वार्ड नंबर 3 निवासी मुफैज मलिक और ग्राम गौरीखेड़ा निवासी फराज मलिक ने उसे रूस भेजने का भरोसा दिलाया। इसके लिए 1.45 लाख रुपये तय हुए, जिसमें 45 हजार रुपये नकद और एक लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसका पासपोर्ट भी अपने कब्जे में ले लिया।कुछ समय बाद आरोपियों ने जो वीजा दिया, वह फर्जी निकला। इस पर आपत्ति जताने पर पहले आरोपियों ने बहाने बनाए, फिर दुबई भेजने का नया झांसा दिया। पैसे वापस मांगने पर केवल 50 हजार रुपये लौटाए गए, जबकि बाकी रकम देने से इनकार कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि शेष पैसे मांगने पर आरोपी गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश के साथ ही जांच जारी है।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋषिकेश आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordailyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# डेमोग्राफी पर सियासत तेज, आयोग गठन की उठी मांग

## सितारगंज सम्मेलन में गणेश गोदियाल का भाजपा पर निशाना, विरोध में प्रदर्शन



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** प्रदेश की डेमोग्राफी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सितारगंज में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि यदि प्रदेश की डेमोग्राफी बदल रही है तो इसकी सच्चाई सामने लाने के लिए आयोग का गठन किया जाना चाहिए।

उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब झूठ परोसने की राजनीति को समझ चुकी है और जवाब देने के लिए तैयार है। गोदियाल ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसानों की समस्याओं और पलायन जैसे मुद्दों से ध्यान भटका रही है।

उन्होंने 2022 विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के भ्रम फैलाने के कारण कांग्रेस सत्ता में नहीं आ सकी। साथ ही उन्होंने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और युवाओं के पलायन को गंभीर विषय बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास प्रदेश के विकास का स्पष्ट रोडमैप है, जिसमें पहाड़ी क्षेत्रों से पलायन रोकना, स्वास्थ्य-शिक्षा में सुधार और रोजगार के अवसर बढ़ाना शामिल है। इधर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौक पर गोदियाल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने उन्हें दूसरे मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया।

गोदियाल ने स्पष्ट किया कि उन्होंने बंगाली समाज को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है। उन्होंने कहा कि फर्जी बयान फैलाकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और ऐसे दावों को साबित करने की चुनौती दी।

# पहली बार रूद्रपुर पहुंचे शहरी विकास मंत्री का जोरदार स्वागत



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रूद्रपुर।** मंत्री बनने के बाद पहली बार रूद्रपुर पहुंचे शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा का नगर आगमन पर महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत का यह सिलसिला नैनीताल रोड से शुरू होकर नगर निगम परिसर तक चलता रहा।मंत्री राम सिंह कैड़ा का काफिला जैसे ही नैनीताल रोड पहुंचा, वहां पहले से मौजूद भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों के साथ उनका खैरमकदम किया। इसके पश्चात काफिला वेंडिंग जोन पहुंचा श्री कैड़ा ने वेंडिंग जोन का गहन निरीक्षण किया और वहां की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं को देखकर बेहद प्रभावित हुए। इसके पश्चात त्रिशूल चौक पर भी कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत हुआ। जहां कैबिनेट मंत्री ने चौक पर स्थापित भव्य त्रिशूल का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने वाली इस कलाकृति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और इसे धार्मिक व सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया।

# प्रतिभा के दम पर ही देश आगे बढ़ सकता है...

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके प्राकृतिक संसाधनों, ऊँची इमारतों या विशाल जनसंख्या में नहीं, बल्कि उसके प्रतिभाशाली नागरिकों में निहित होती है। इतिहास गवाह है कि जिन देशों ने योग्यता, नवाचार और शिक्षा को सर्वोच्च स्थान दिया, वही विश्व मंच पर अग्रणी बने। विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग केवल प्रतिभा और परिश्रम से होकर जाता है।

हाल के वर्षों में देश के प्रतिष्ठित शिक्षण एवं शोध संस्थानों विश्वविद्यालयों, में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर कई बहसें सामने आई हैं। यह चिंता बार-बार व्यक्त की जाती है कि यदि चयन का मुख्य आधार योग्यता के बजाय अन्य मानदंड बन जाएँ, तो उत्कृष्टता प्रभावित हो सकती है। किसी भी संस्थान की पहचान उसकी इमारतों या सुविधाओं से नहीं, बल्कि वहाँ पढ़ने और शोध करने वाले विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की गुणवत्ता से होती है।

यदि प्रतिभाशाली युवाओं को यह महसूस होने लगे कि उनकी मेहनत और क्षमता को उचित अवसर नहीं मिल रहा, तो उनके मन में निराशा जन्म लेना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में कई योग्य छात्र विदेशों की ओर रुख करते हैं, जहाँ उन्हें बेहतर अवसर और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा मिलती है। भारत पूर्व में ब्रेन ड्रेन का नुकसान झेल चुका है और झेलते आ रहा है। तकनीकी और खोज भारतीय के द्वारा कीइजात है लेकिन यही मस्तिष्क जब प्रतिभा के भेदभाव की वजह से पल्यायन करता है तो पूरा देश को दर्द होता है।यह केवल व्यक्ति की हानि नहीं, बल्कि राष्ट्र की बौद्धिक पूंजी का नुकसान है।एक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण के लिए आवश्यक है कि हर छात्र को समान अवसर मिले, लेकिन साथ ही उत्कृष्टता को भी सम्मान मिले। सामाजिक न्याय और गुणवत्ता—दोनों का संतुलन ही राष्ट्रहित में सबसे उचित मार्ग है। किसी भी नीति का उद्देश्य ऐसा वातावरण बनाना होना चाहिए जहाँ कमजोर वर्गों को आगे बढ़ने का अवसर मिले और प्रतिभाशाली युवाओं का उत्साह भी बना रहे। विज्ञान और शोध का क्षेत्र निष्पक्षता, परिश्रम और ज्ञान पर आधारित होना चाहिए। जब संस्थानों में श्रेष्ठ मस्तिष्क एकत्रित होंगे, तभी नए आविष्कार होंगे, नई तकनीकें विकसित होंगी और भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ेगा। किसी भी राष्ट्र की तरक्की और प्रतियोगिता में बने रहने की लिए बहुत जरूरी है कि उसके नागरिकों को एक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और भेदभाव रहित आगे बढ़ाने के अवसर मिलने चाहिए।

यदि भारत को सचमुच महाशक्ति बनना है, तो उसे प्रतिभा का सम्मान करना होगा। परिश्रम करने वाले युवाओं को अवसर देना होगा, शिक्षा व्यवस्था को निष्पक्ष बनाना होगा और शोध संस्थानों को उत्कृष्टता का केंद्र बनाना होगा। क्योंकि सच यही है।

**प्रेम प्रकाश उपाध्याय नेचुरल उत्तराखंड**

# पंतनगर एयरपोर्ट पर हरियाणा के पूर्व मंत्री का स्वागत

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**पंतनगर।** हरियाणा पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश धनगर पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मिश्रा ने उत्तराखंड में भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में उन्हें विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य निरंतर प्रगति के पद पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा शासित सभी राज्यों में समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री धनगर ने कहा कि हरियाणा सरकार अनेक योजनाएं चला रही है जिसका लाभ हरियाणा की जनता को मिल रहा है ।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री के साथ भाजपाइयों ने राजनीतिक मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल , तरुण दत्ता, राकेश सिंह, राजेश अरोड़ा आदि मौजूद थे।

# बच्चों के निर्माण में स्कूलों की भूमिका

यह सही है कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी मां होती है। मां के अलावा पिता दादा-दादी एवं परिवार के अन्य सदस्यों की भी बच्चे की शुरुआती समझ विकसित करने में कुछ न कुछ महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बाद जब बच्चा करीब पांच (अब छह) साल का हो जाता है तब उसे स्कूल में प्रवेश दिलाया जाता है।

आज तो बच्चा दो ढाई साल का हुआ नहीं कि उस दुदमुंहे को बालवाड़ी नर्सरी प्ले-स्कूल जैसी अनेक सरकारी/ गैर सरकारी व्यवस्था के हवाले कर दिया जा रहा है। सरकार की ओर से निशुल्क और गैर सरकारी व्यवस्था की ओर से मोटी रकम लेकर प्रवेश दिलाया जाता है। अभिभावक भी स्वयं बच्चे के साथ कदमताल करने लगते हैं।

निश्चित ही इससे बच्चा शनै शनै एक बड़े समाज के संपर्क में आते जाता है। उसकी मां उसकी प्रथम शिक्षक के साथ साथ प्रथम पाठशाला भी होती है। उसका परिवार और पारिवारिक वातावरण उसकी दूसरी पाठशाला का कर्तव्य निर्वहन करता है। स्कूल/कालेज तीसरी अति महत्वपूर्ण पाठशाला की जिम्मेदारी निभाते हैं। अंततः उसके इर्द-गिर्द का समाज उसकी अंतिम चौथी पाठशाला होती है। जहां शिक्षा जीवन पर्यंत चलती रहती है।

पहले समय में बच्चा दो ढाई साल तक तो मां का ही दूध पीता रहता था और मां के ही संसर्ग में अधिक रहा करता था। मां बच्चे को नौ महीने तक गर्भ में धारण करती है। इस अवस्था में शिशु मां के गर्भ से ही पोषण प्राप्त करता है। पैदा होने के बाद दो ढाई साल तक मां का स्तनपान करता है। यह दीगर बात है कि आज शिशु के जन्म लेते ही उसके मुंह पर दूध की बोतल लगा दी जाती है। इस अवधि में मां के गुण/अवगुणों का प्रभाव बच्चे पर बहुत गहरा पड़ता है। जो बच्चे के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण नींव की भूमिका अदा करता है। यहीं से उसमें संस्कारों के बीज अंकुरित होने लगते हैं। एक कहावत भी है -- दूध का असर पूत में दीखता है । यानी मां से मिले संस्कार अधिक गहरे एवं स्थाई होते हैं। मां से ही बच्चा बोलना सीखता है। इसी कारण बच्चे की बोली/ भाषा को दुदबोली भी कहा जाता है।

संस्कार गुण/अवगुणों का एक गुलदस्ता होता है। संस्कार ज्ञानार्जन एवं सत्संगति से धीरे धीरे परिष्कृत भी होते रहते हैं। जीवन में अच्छे संस्कार ही व्यक्ति के सद्कर्म एवं मान सम्मान का पथ प्रशस्त करते हैं। इसलिए बच्चे की परवरिश में मां परिवार स्कूल/ कालेज एवं समाज को बहुत सतर्क जागरूक और सतत प्रयत्नशील रहने की जरूरत है।मां के सामीप्य के पश्चात थोड़ा बड़ा हो जाने पर बच्चा पारिवारिक वातावरण में प्रवेश करता है। इस परिवेश में उसे पिता का प्यार दादा-दादी का दुलार एवं अन्य पारिवारिक जनों का स्नेहसिक्त प्रेम मिलता है। उनसे उसका परिचय होता है। मां से मिले संस्कारों को विस्तार मिलता है। इस पारिवारिक वातावरण का भी उसके संस्कारों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इस अवस्था तक पहुंचते पहुंचते बच्चा कुछ कुछ जीवनोपयोगी बातें सीख लेता है। अनुभव एवं शोधों के अनुसार यह कहा जा सकता है कि बच्चे के अंदर संस्कार - जैसे प्रेम दया करुणा संवेदना आदि मानवीय मूल्य बड़े बुजुर्गों द्वारा दिए गए संस्कारों और अच्छी संगति से भी परिपुष्ट एवं परिष्कृत होते रहते हैं।

मां एवं पारिवारिक संस्कारों से ओत-प्रोत होकर अब बच्चा स्कूल की दहलीज पर कदम रखता है इस अपेक्षा के साथ कि उसे यहां पूर्व से बेहतर सुसंस्कारित एवं सुशिक्षित शैक्षिक माहौल प्राप्त होगा, स्कूल भेजा जाता है। यहां यह भी अपेक्षा की जाती है कि मां और पारिवारिक वातावरण से सीखे संस्कारों ज्ञान एवं अनुभव का परिवर्धन परिशोधन तथा परिमार्जन होकर उन्हें और अधिक बहुआयामी विस्तार मिलेगा। इस भावना के अनुरूप स्कूल/ कालेजों का नैतिक दायित्व और अधिक बढ़ जाता है ड़।

स्कूल में बच्चे का अक्षर बोध के साथ साथ पुस्तकीय ज्ञान का दायरा भी बढ़ते जाता है। पूर्व में संचित संस्कारों एवं मूल्यों का परिवर्धन एवं परिमार्जन भी होते जाता है। यहां पर वह उच्च मूल्यों एवं आदर्शों से आवृत बहुआयामी विस्तार पाता है। जिससे उसका व्यक्तित्व बनता भी है और निखरते भी जाता है। यहां पर पढ़कर देखकर प्रयोग अनुप्रयोग एवं अनुकरण आदि विविध बोधों के सहारे उसका मन-मस्तिष्क अनुभवजनित मूल्यों एवं आदर्शों से परिपूर्ण होते जाता है। वह यहां पर मात्र पुस्तकीय ज्ञान ही अर्जित नहीं करता अपितु उसका सर्वगुणसंपन्न एक व्यावहारिक व्यक्तित्व का निर्माण भी होता है। इस परिप्रेक्ष्य में स्कूल/ कालेज ज्ञान एवं जीवनमूल्यों के निर्माण की प्रयोगशालाएं भी हैं और वहां कार्यरत गुरुजन बुनियादी शिक्षा दीक्षा देने वाले वैज्ञानिक भी हैं।

बच्चों के मामले में अभिभावकों के सिर ठीकरा फोड़ कर स्कूल/कालेज अपनी अहम जिम्मेदारी से कतई बच नहीं सकते हैं। नियम कानून कुछ भी कहें। इसे शैक्षणिक संस्थानों को समझना होगा। क्यों कि बच्चा अब शनै शनै इस अवस्था में पहुंच रहा होता है जहां वह अपने विद्यालय के पाठ्यक्रम में पढ़े महान व्यक्तित्वों एवं गुरुजनों को अपना आदर्श मानने लगता है। यह दीगर बात है कि आज जब स्कूल/ कालेज कमाई के स्रोत बनते जा रहे हैं और ट्यूशन आदि कई धंधों से स्वयं गुरुजनों की धन पिपासा भी बढ़ रही है। इन हालात में शिक्षा से मूल्यों एवं आदर्शों की अपेक्षा करना बेमानी हो जाता है।

चूंकि स्कूल कालेज भी एक पूरे तंत्र से संचालित होते हैं। जहां तंत्र ही पूरी व्यवस्था निर्धारित करता है। विद्यालयों के संसाधन, वहां का अनुशासन,नियम-कानून, पाठ्यक्रम, पाठ्यसामग्री, परीक्षा प्रणाली आदि सभी व्यवस्थाएं तंत्र ही देखता है। इस अर्थ में सरकार के लिए यह परम आवश्यक है कि वह भावी पीढ़ी के स्वस्थ निर्माण के लिए एक सर्वथा कारगर शिक्षा तंत्र स्थापित करे ।

स्कूल/ कालेजों से उच्च जीवनमूल्यों एवं आदर्शों को आत्मसात कर व्यापक दृष्टि और रचनात्मक सोच लेकर निकले छात्र ही समाज एवं देश के नीति निर्धारक , निर्माता एवं दिशानिर्देशक बनते हैं। परंतु यह तभी संभव है जब बच्चों के निर्माण में मां से लेकर स्कूल / में कालेज एवं समाज ने ईमानदारी से अपने नैतिक दायित्व तथा कर्तव्य का पालन किया हो। तभी हम मूल्य आधारित राजनीति/ लोकनीति एवं एक आदर्श लोकतंत्र/ प्रजातंत्र की कल्पना कर सकते हैं । अन्यथा ...अब चिंतन और मंथन इस बात पर करने की जरूरत है कि मां बच्चे की परवरिश करने में अपने मां होने की ईमानदार भूमिका का निर्वाह कर पा रही है ड़ इसके लिए लड़कियों की परवरिश, संस्कार संपन्न शिक्षा दीक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना नितांत आवश्यक है। यहां यह देखना भी आवश्यक होगा कि परिवार, स्कूल/ कालेज, शिक्षा विभाग और समाज भावी पीढ़ी के स्वस्थ निर्माण के प्रति कितना संवेदनशील है ड़ देखने में आ रहा है कि उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था एक लंबे समय से प्रयोगशाला की भट्टी में झोंकी जा रही है और अभी तक कोई कारगर स्थाई व्यवस्था पटरी पर नजर नहीं आ रही है। अब जरूरत महसूस की जा रही है कि शिक्षा व्यवस्था को स्थायित्व प्रदान करने के लिए शिक्षाविदों, समाजशास्त्रियों, चिंतकों,समाज विज्ञानियों एवं समाज सुधारकों को गहन चिंतन मंथन करना चाहिए। सरकार से भी उचित कार्रवाई की अपेक्षा है।

**रतनसिंह किरमोलिया**
**गरुड़ ( बागेश्वर )**

# पहाड़ी आर्मी ने सौंपा ज्ञापन, कर्मचारियों के समर्थन में उठाई आवाज, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग



**हल्द्वौड़।** पहाड़ी आर्मी संगठन ने हल्दूचौड़ क्षेत्र स्थित मदरसन कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों के समर्थन में प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस की कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया। संगठन ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के पक्ष में आवाज उठाने वाले राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता पियूष जोशी समेत अन्य लोगों के साथ पुलिस द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के साथ हो रहे कथित अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना किसी भी लोकतंत्र में गलत नहीं माना जा सकता। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या देवभूमि में अन्याय के खिलाफ बोलना अब अपराध बन गया है।

पहाड़ी आर्मी ने कहा कि संबंधित घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो चुके हैं, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। संगठन ने उत्तराखंड पुलिस पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पुलिस को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए निष्पक्ष और संवेदनशील तरीके से कार्य करना चाहिए, ताकि आम जनता का विश्वास बना रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल, महिला जिलाध्यक्ष प्रेमा मेर, नगर अध्यक्ष कविता जीना, अंजू पांडे, नीमा भट्ट, हेमा कांडपाल, गीता चंदोला, प्रदीप रौतेला, पंकज जोशी व भीम सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संगठन ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# खेत में मिला युवक का शव, सिर कुचलकर हत्या की आशंका

**हरिद्वार।** बहादराबाद थाना क्षेत्र में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब अतमलपुर बौंगला बाईपास के समीप एक खेत में युवक का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं, आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ भी घटनास्थल पर जुट गई। प्रारंभिक जांच में युवक के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किए जाने के स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। क्षेत्र में इस घटना के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है।

# यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था



**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देशों के अनुपालन में जनपद उत्तरकाशी प्रशासन द्वारा यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुंसाई के मार्गदर्शन में यह विशेष प्रयास किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा जानकी चट्टी से यमुनोत्री धाम तक चयनित स्थानों पर पुलिस एवं एसडीआरएफ के माध्यम से आस्का लाइट और पेलिकन लाइट की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। यह पहल विशेष रूप से रात्रिकालीन यात्रा और आपात परिस्थितियों में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है। इन आवश्यक उपकरणों को निर्धारित स्थलों तक पहुंचाने में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी श्यामलाल आर्य, कार्मिक दिनेश प्रसाद नौटियाल, रघुवीर बिष्ट एवं राजनेश कुमार द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। उक्त लाइटों की उपलब्धता आपदा प्रबंधन मास्टर ट्रेनर मस्तान भंडारी एवं क्यूआरटी टीम द्वारा सुनिश्चित की गई है, जिससे यात्रा मार्ग पर रोशनी की बेहतर व्यवस्था बनी रहे और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम अनुभव प्राप्त हो सके।

# पूर्व विधायक सजवाण एवं कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**उत्तरकाशी ( मोहन सिंह राणा )।** गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण अपने आवास पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के लिए अत्यंत प्रेरणास्रोत बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा किए जा रहे नवाचार, स्टार्टअप, स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण तथा लोक संस्कृति से जुड़े सराहनीय प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आमजन के छोटे-छोटे प्रयासों को भी देशव्यापी पहचान प्रदान करता है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने की प्रेरणा मिलती है।

पूर्व विधायक ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में देश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। विशेष रूप से सीमांत क्षेत्रों में सड़क, रेल एवं आधुनिक बुनियादी सुविधाओं का तीव्र विस्तार हुआ है, जिससे स्थानीय जनजीवन में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखण्ड, विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण एवं सशक्त भूमिका निभाएगा।

# दूरस्थ क्षेत्र में शिक्षा की मिसाल: जीआईसी बड़ेथ का शत-प्रतिशत रिजल्ट

**उत्तरकाशी ।** जनपद के डुंडा ब्लॉक स्थित दूरस्थ विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज बड़ेथ ने इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय की गुणवत्ता को एक बार फिर सिद्ध किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन राणा ने बताया कि इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों का समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों का निरंतर सहयोग प्रमुख रहा है। हाईस्कूल में कुल 15 परीक्षार्थियों में सभी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण रहे। इनमें 12 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 3 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। प्रथम स्थान पर अनुभव नौटियाल (84.8 प्रतिशत), द्वितीय पावनी बिष्ट (84.4 प्रतिशत) एवं तृतीय आरुषि बिष्ट (78.4 प्रतिशत) रहीं। जबकि इंटरमीडिएट में कुल 21 विद्यार्थियों में सभी सफल रहे। 19 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 2 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। प्रथम स्थान पर सारांश बिष्ट (87 प्रतिशत), द्वितीय अक्षांश बिष्ट (86.40 प्रतिशत) एवं तृतीय संस्कृति (83.2 प्रतिशत) रहीं। प्रधानाचार्य नवीन राणा ने कहा कि विद्यालय डुंडा ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित है, जहां ग्रामीण परिवेश और कठिन परिस्थितियों के बावजूद छात्रों ने परिश्रम और लगन से यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सफलता आने वाले वर्षों में भी विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

# तेबड़ी सेम की दो 'साक्षी' ने रचा इतिहास, 10वीं-12वीं में किया टॉप

## एक ने 86.4 प्रतिशत तो दूसरी ने 77.2 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया क्षेत्र का मान





**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि/रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेबड़ी सेम की दो होनहार छात्राओं ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि दोनों छात्राओं का नाम 'साक्षी' है और दोनों ने अलग-अलग कक्षाओं में अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

राजकीय इंटर कॉलेज चंद्रनगर (रुद्रप्रयाग) की छात्रा साक्षी नेगी ने हाईस्कूल (10वीं) बोर्ड परीक्षा में 432 अंक (86.4 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। साक्षी नेगी, श्रीमती रुकमा देवी एवं श्री सुखदेव सिंह नेगी की पुत्री हैं।

वहीं दूसरी छात्रा साक्षी सेमवाल ने इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में 386 अंक (77.2 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वह श्रीमती सुनीता देवी एवं श्री मगनानंद सेमवाल की पुत्री हैं। एक ही गांव से, एक ही नाम की दो छात्राओं द्वारा 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करना क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बना हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है और दोनों छात्राओं की सफलता की चर्चा हर ओर हो रही है।

ग्राम प्रधान रजनी नेगी, सामाजिक कार्यकर्ता महावीर नेगी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दोनों छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने भी दोनों छात्राओं एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है।

# चारधाम मार्गों पर सख्ती: 26 चालान, 2 ट्रक सीज

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में गंगोत्री धाम व यमुनोत्री धाम मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ओवरस्पीड, बिना हेलमेट व मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने जैसे मामलों में 26 चालान किए गए, जबकि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रवेश करने पर 2 ट्रक सीज किए गए। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा चारधाम यात्रा के दौरान भारी वाहनों को केवल निर्धारित रात्रिकालीन समय में चलाने की अपील की है।

# ओ ए ई एम के अंतर्गत नेचर हाईक का हुआ सफल आयोजन



**पिथौरागढ़।** वन एक्टिविटी एवरी मंथ अभियान के तहत वेक्सप्लोरर्स और हिमालयन स्काउट्स के संयुक्त सहयोग से पिथौरागढ़ में एपिसोड 5 नेचर हाईक का सफल आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य शिक्षा, अनुभव (एक्सपोजर) और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एक सहज और शांत प्रकृति भ्रमण (नेचर वॉक) में भाग लिया, जिसमें उन्होंने प्रकृति को नज़दीक से समझने और उससे जुड़ने का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण ट्री हगिंग एक्टिविटी रहा, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों ने पेड़ों के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव महसूस किया। इस गतिविधि ने उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का एहसास कराया। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों ने ऊर्जावान और इंटरैक्टिव गतिविधियों में भी भाग लिया, जिससे पूरा अनुभव ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ आनंददायक भी रहा। कई प्रतिभागियों ने साझा किया कि इस कार्यक्रम ने उन्हें प्रकृति के उन पहलुओं को समझने का अवसर दिया, जिन्हें वे अब तक अनदेखा करते आए थे। प्रतिभागियों से प्राप्त प्रतिक्रिया काफी सकारात्मक रही। सभी ने कार्यक्रम की शांतिपूर्ण वातावरण, सार्थक गतिविधियों और सीखने के अनुभव की सराहना की। कुछ प्रतिभागियों ने भविष्य में लंबे ट्रेक और एडवेंचर आधारित गतिविधियों जैसे रॉक क्लाइम्बिंग को शामिल करने का सुझाव भी दिया।

इस कार्यक्रम में उत्साही प्रतिभागियों की सहभागिता रही, जिसने इसे सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण जागरूकता की दिशा में एक सफल पहल बनाया। ओ ए ई एम अभियान के अंतर्गत हर माह एक सार्थक गतिविधि आयोजित कर लोगों को प्रकृति के करीब लाने और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास जारी है।

# पौड़ी गढ़वाल में समलौण पहल: संस्कारों के साथ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**पौड़ी गढ़वाल।** जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में समलौण पहल के तहत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकास खण्ड पौड़ी के पट्टी पैडुलस्यूं के ग्राम रछूली में नागराजा पूजन के अवसर पर मंदिर परिसर में रोसेला का समलौण पौधा रोपा गया। वहीं विकास खण्ड थलीसैंण के पट्टी कण्डारस्यूं के ग्राम बनास में शिवांश के चूड़ाकर्म संस्कार के उपलक्ष में घर के आंगन में मौसमी का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रमों का संचालन समलौण सेना की महिला सदस्यों द्वारा किया गया। इस दौरान लोगों को पेड़-पौधों के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें संरक्षित करने और हर शुभ अवसर व संस्कार में पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही वनों को आग से बचाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की अपील भी की गई।

समलौण पहल के तहत हर परिवार अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ले रहा है, जिससे प्रकृति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव बढ़ रहा है। कार्यक्रमों में ग्रामीणों और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। पर्यावरण संरक्षण की इस पहल को क्षेत्र में सराहना मिल रही है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक संदेश दे रही है।

# बीएसएनएल इम्प्लाईज यूनियन श्रीनगर शाखा का जिला अधिवेशन सम्पन्न, नई कार्यकारिणी का गठन




**पौड़ी गढ़वाल, अंकित उनियाल।** श्रीनगर गढ़वाल में आज बीएसएनएल इम्प्लाईज यूनियन की जिला शाखा का अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीएसएनएल परिसर भवन में किया गया, जिसमें उत्तराखंड परिमंडल के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

अधिवेशन के दौरान संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई और आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया में सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध किया गया। नई कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में गणेश प्रसाद काला और एम.एम. सती को जिम्मेदारी दी गई है। शबाना परवीन को जिला अध्यक्ष चुना गया, जबकि राम भगत और राजेश कोटनाला उपाध्यक्ष बनाए गए।

सचिन कुमार को जिला सचिव, उदय राम को सहायक जिला सचिव और राजेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन मंत्री के रूप में सोहन सिंह, किशोरी लाल सेमवाल और राजेश्वरी देवी को चुना गया है। अधिवेशन के समापन पर संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# एडीएम ने लिया आदि कैलाश ओम पर्वत यात्रा की तैयारियों का जायजा




**पिथौरागढ़।** आगामी आदि कैलाश एवं ओम पर्वत यात्रा- 2026 को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सफल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पिथौरागढ़ द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय टीम द्वारा धारचूला क्षेत्र अंतर्गत गुंजी में यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने गुंजी में बनाए गए आवासीय स्थलों, टेंट कॉलोनियों, विश्राम गृहों तथा अस्थायी शिविरों का निरीक्षण करते हुए यात्रियों के ठहरने की क्षमता एवं व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का आकलन किया।

पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि सभी स्थलों पर स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता बनी रहे। जल स्रोतों की नियमित सफाई एवं क्लोरीनेशन कराने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिए गए। स्वास्थ्य सुविधाओं के अंतर्गत चिकित्सा शिविरों, प्राथमिक उपचार केंद्रों, एंबुलेंस की उपलब्धता एवं आवश्यक दवाइयों की पर्याप्तता का निरीक्षण किया गया। एडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि उच्च हिमालयी क्षेत्र की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर तथा प्रशिक्षित चिकित्सा स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को सक्रिय एवं सुदृढ़ रखने के निर्देश भी दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की तैनाती, चेक पोस्टों की कार्यप्रणाली तथा निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया गया। संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, यात्रियों की आवाजाही पर नियमित निगरानी रखने एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई तथा कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। एडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पूरे यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए तथा प्लास्टिक मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। संचार एवं संपर्क व्यवस्था के अंतर्गत दूरसंचार नेटवर्क, वायरलेस सेट एवं अन्य संचार माध्यमों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में संचार व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश संबंधित एजेंसियों को दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सूचना का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, बिजली आपूर्ति, खाद्य सामग्री की उपलब्धता, राशन आपूर्ति, यातायात प्रबंधन एवं मार्गों की स्थिति का भी गहन निरीक्षण किया गया।

एडीएम ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा किसी भी अवरोध को तत्काल हटाया जाए। एडीएम ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यात्रा के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यमुनोत्री धाम में बहुभाषीय फ्लेक्स, श्रद्धालुओं को मिलेगा आसान मार्गदर्शन

**उत्तरकाशी ।** चारधाम यात्रा 2026 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस द्वारा अभिनव पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शांतनु परासर के नेतृत्व में यमुनोत्री धाम व प्रमुख यात्रा मार्गों पर बहुभाषीय फ्लेक्स लगाए गए हैं।

तमिल, मलयालम, उड़िया, कन्नड़, हिंदी, अंग्रेजी, बंगाली व गुजराती भाषाओं में तैयार ये फ्लेक्स श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश, सुरक्षा संबंधी जानकारी और आपात सहायता की जानकारी प्रदान करेंगे। पुलिस के अनुसार, यह पहल न केवल यात्रियों को मार्गदर्शन देगी, बल्कि यात्रा को और अधिक सुरक्षित, सरल व सुव्यवस्थित बनाने में भी सहायक होगी।

# तीर्थयात्रियों की सुविधा सर्वोपरि, यमुनोत्री- गंगोत्री यात्रा सुचारू



**उत्तरकाशी ।** जिला प्रशासन द्वारा यमुनोत्री धाम व गंगोत्री धाम यात्रा का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, साफ-सफाई और परिवहन व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रशासन की टीमें 24-7 सक्रिय रहकर किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रही हैं, जिससे यात्रा निर्बाध जारी है।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने निर्देश दिए हैं कि सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रहें और श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग की हर सुविधा मानकों के अनुरूप बनाए रखी जाए, ताकि तीर्थयात्रियों को सुरक्षित व सुखद अनुभव मिल सके।

# राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग में जनपद के खिलाड़ियों का दबदबा

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** देहरादून में आयोजित उत्तराखंड राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा। देहरादून स्थित माउंट लिटरा ज़ी स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूरे उत्तराखंड से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले, लेकिन उधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए और जिले का गौरव बढ़ाया। जिले के कोच मोहम्मद हसन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 वर्ष आयु वर्ग के 45 किलोग्राम भार वर्ग में अनिका चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं अभियुदित , प्रतीक, योगेश और संजय ने भी अपने-अपने वर्गों में शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त अकरम ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि मुनज्जाह खान, मानव, ऋषिकेश, इब्राहिम, परीक्षित और प्रियांशु ने कांस्य पदक जीतकर जिले की झोली पदकों से भरी। इस प्रतियोगिता में टीम मैनेजर हरीश चौधरी की भूमिका भी सराहनीय रही, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कोच मोहम्मद हसन खान ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि लगातार अभ्यास और सही मार्गदर्शन के कारण ही यह सफलता संभव हो पाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

# वनाअग्नि की घटनाओं से निपटने के लिए वन विभाग अलर्ट मोड पर: डीएफओ चंपावत



**चंपावत।** गर्मी बढ़ने के साथ-साथ जिले के जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। आए दिन जंगलों में आग लग रही है। डीएफओ आशुतोष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया जंगल की आग से निपटने के लिए वन विभाग पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा जगह-जगह सेंटर खोले गए है। जहां बन कर्मियों को तैनात किया गया है। तथा सभी रेंज अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने तथा जंगलों में आग लगने की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

डीएफओ ने बताया शासन के द्वारा भी बन कर्मियों के लिए उपकरण व कपड़े उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही फायर लाइन के लिए भी करवाई जारी है जिसकी स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। उन्होंने बताया फायर लाइन के लिए 6 हजार पेड़ों का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा जंगलों में आग ना लगाए। कहा अगर कोई भी व्यक्ति जंगलों में आग लगाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया आग लगने पर फायर विभाग से भी मदद ली जा रही है। तथा बन कर्मियों के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। तो वहीं बन सरपंच मोहन चंद्र पांडे के द्वारा भी लोगों को जागरुक करते हुए जंगलों में आग न लगाने की अपील की गई है। कहां जंगलों में आग लगने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ जंगली जानवरों को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर चंपावत में गरजे शिक्षक व कर्मचारी निकाली पेंशन आक्रोश रैली



➔ मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

➔ आक्रोश रैली में सैकड़ो शिक्षक व कर्मचारी हुए शामिल

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**चंपावत।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राष्ट्रीय आंदोलन एनएमओपीएस के बैनर तले जनपद चम्पावत के जिला मुख्यालय स्थित गौरलचौड़ मैदान में एक विशाल सभा एवं पेंशन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनएमओपीएस के जिला अध्यक्ष गोविंद मेहता तथा संचालन मंत्री प्रकाश तड़ागी के द्वारा किया गया। सभा में जनपद के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने अपनी बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन की बहाली के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

सभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने सरकार से पुरजोर मांग की कि समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए शीघ्र पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया कि कर्मचारियों को एनपीएस एवं यूपीएस जैसे विकल्पों के भ्रम में न रखकर उनके भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।कार्यक्रम के दौरान सरकार को चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि शीघ्र पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती है, तो सभी शिक्षक एवं कर्मचारी व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

सभा के उपरांत गौरलचौड़ मैदान से पेंशन आक्रोश मार्च प्रारंभ हुआ जिसमें सैकड़ो शिक्षक व कर्मचारी शामिल हुए, पेंशन आक्रोश रैली स्टेशन बाजार, जीआईसी चौक होते हुए रोडवेज स्टेशन पहुंची इस दौरान सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। तथा उप जिलाधिकारी, चम्पावत के माध्यम से उत्तराखंड शासन को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

आक्रोश रैली में कुमाऊं मंडल एनएमओपीएस के अध्यक्ष राजू महरा, उपाध्यक्ष कैलाश फर्तियाल, नरेंद्र नाथ गोस्वामी, अल्मोड़ा के जिला अध्यक्ष गणेश भंडारी, प्रांतीय कोर कमेटी सदस्य धीरेंद्र पाठक, उत्तराखंड राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री जगदीश बिष्ट, राज्य शिक्षक कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सनवाल, जिला अध्यक्ष जगदीश अधिकारी, मंत्री प्रकाश उपाध्याय, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उत्तम फर्तियाल, मंत्री कीर्ति भट्ट, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष रमेश देव, मंत्री जगदीश तिवारी, डिप्लोमा इंजीनियर फेडरेशन के अध्यक्ष गोपाल कालाकोटी, मंत्री राठौर , पर्वतीय शिक्षक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नागेंद्र जोशी, मिनिस्ट्रियल फेडरेशन के अध्यक्ष विनोद कुमार, मंत्री जीवन ओली सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त कवीन्द्र तड़ागी, मिंटू सिंह राणा, नवीन सिंह विष्ट, किशोर पांगरिया, उमेश जोशी, नरेश जोशी, संजय कुमार, सतीश जोशी, कुंदन सिंह बोहरा, कुंदन सिंह महर, रेनू मेहता, मोनू चंद, योगिता पंत, सुधीर कुमार आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

## लोहावती नदी में चला विशेष स्वच्छता अभियान




**लोहाघाट।** पूरी तरह प्रदूषित हो चुकी लोहाघाट की पहचान लोहावती नदी की स्वच्छता के लिए लोहाघाट पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में शनिवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में आईटीबीपी के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों , पालिका कर्मियों व देवभूमि इको फाउंडेशन के युवाओं के द्वारा सहयोग किया गया। अभियान में एसएसबी से लेकर कोली पुल तक लोहावती नदी में स्वच्छता की गई। पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने कहा लोहावती नदी लोहाघाट की पहचान है जो कि काफी प्रदूषित हो चुकी है। उन्होंने कहा लोहावती को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए पालिका के द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किए जा रहे हैं उन्होंने लोगों से नदी में कूड़ा कचरा ना फेंकने की अपील की हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए पालिका अध्यक्ष के द्वारा सभी सहयोगियों विशेष कर आइटीबीपी व देवभूमि इको फाउंडेशन के युवाओं को धन्यवाद दिया गया। इस दौरान तीलू रौतेली पुरस्कार विजेता शांभवी मुरारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नारी शक्ति बंदन बिल का विरोध कर कांग्रेस व विपक्षी दलों ने की लोकतंत्र की हत्याः जोशी



**लोहाघाट।** भाजपा प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी ने कांग्रेस व विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा नारी शक्ति बंदन बिल का विरोध कर विपक्षी दलों के द्वारा लोकतंत्र की हत्या की गई है। तथा मातृ शक्ति का घोर अपमान किया है। उन्होंने कहा देश की आधी आबादी महिलाओं की जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास में हिस्सेदारी देना चाहते थे पर यह कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को रास नहीं आया और उनके द्वारा नारी शक्ति बंदन बिल का विरोध कर देश की मातृ शक्ति का अपमान किया गया। उन्होंने कहा आगे आने वाले चुनावो में विपक्षी दलों को खासकर कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कहा आज सरकार मातृशक्ति को हर क्षेत्र में आगे लाने का कार्य कर रही है पर विपक्षी दलों के द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। कहा विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दे नहीं है जिस कारण यह जनहित की योजनाओं का हर जगह बार-बार विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा नारी शक्ति बंधन बिल का विरोध कर कांग्रेस ने अपने ताबूत में आखिरी कील ठोक ली है।

## अक्कल धारे के संरक्षण व सौंदर्य करण की मांग

**लोहाघाट।** चंपावत लोहाघाट राजमार्ग में स्थित अक्कल धारे के संरक्षण की मांग उठी है। अक्कल धारे से प्रतिदिन राजमार्ग से गुजरने वाले सैकड़ो यात्री व स्थानीय लोग पानी भरते हैं। अक्कल धारा बरसों से लोगों की प्यास बुझाते आ रहा है। पर शराबियों के द्वारा अक्कल धारे को शराब पीने का अड्डा बना लिया है। इन लोगों के द्वारा शराब पीकर अक्कल धारे व उसके आसपास काफी गंदगी की जा रही है। जिस कारण धारे के आसपास बड़ी संख्या में गंदगी व शराब की खाली बोतले पड़ी हुई हैं इसके अलावा एनएच की नाली बंद होने से भी पानी जमा होने के कारण भी काफी गंदगी हुई है। मामले में स्थानीय लोगों ने इस प्राचीन धारे के संरक्षण व सौंदर्य करण की मांग प्रशासन से उठाई है। लोगों ने इस स्थान पर शराब पीने व गंदगी करने वाले लोगों पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे तथा सोलर लाइट लगाने तथा अक्कल धारे के सौंदर्य करण व बंद पड़ी नालियों को खोलने की मांग की है। लोगों ने कहा यह धारा रोज सैकड़ो लोगों की प्यास बुझाने के साथ-साथ नगर वासियों के लिए भी पेयजल का एक प्रमुख स्रोत है तथा लोहाघाट क्षेत्र की पहचान है। लोगों ने कहा इसका संरक्षण होना अत्यंत आवश्यक है।

## मडलक में फसलों के दुश्मन बने जंगली जानवर

**लोहाघाट।** ब्लॉक के सीमांत मंडलक में जंगली सूअरों व बंदरों के आतंक से किसान परेशान है। ग्राम प्रधान मडलक महेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया जंगली सूअरों व बंदरों ने गांव में खेती को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से क्षेत्र के किसान खेती करने से कतरा रहे है।कहा साल भर किसान मेहनत करता है और फसल कटते समय जंगली जानवर उनकी फसलों को तबाह कर रहे हैं जिस कारण क्षेत्र के किसानों में काफी मायूसी है। ग्राम प्रधान ने शासन प्रशासन से जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने , किसानों को नुकसान का मुआवजा देने तथा सुरक्षा के लिए घेरवाड़ की मांग की है। कहा अगर जल्द रोकथाम नहीं की गई तो कई किसान खेती छोड़ने को मजबूर होंगे।

## बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही बड़ा हादसा टला

**चंपावत।** जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत कोट अमोडी के सन्दर्का तोक में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया है। फिलहाल अभी भी पोल में लगातार करंट दौड़ रहा है। पोल में करंट आने से नीचे जमीन में भी आग लग गई। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई।

सोमवार को छतकोट से दियूरी को जाने वाली 11 हजार वाली लाइन में बिजली के झूलते तार आपस में टच हो गए जिससे पोल में करंट दौड़ने से नीचे जमीन में भीषण आग लग गई। बगल में घर में रह रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। लेकिन नीचे रखी जलाने वाली सारी लकड़ियां जलकर राख हो गई। ग्रामीण डूंगर देव ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से बिछाई गई विद्युत लाइन के तार और जम्फर को काफी नजदीक में जोड़ा गया है जिससे किसी भी समय तार आपस में टच होने का खतरा बना हुआ है। बताया अचानक पोल में करंट दौड़ने से नीचे भी भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि कोई आदमी या जनवरी उसकी चपेट में नहीं आया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। लगातार बिजली पोल में अभी भी करंट दौड़ने से खतरा अभी भी बना हुआ है। उन्होंने जल्द से जल्द बिजली के तारों को ठीक करने की मांग उठाई है।

## पुल्ला गुमदेश उप तहसील का मुख्यालय अब किमतोली में

**लोहाघाट।** उत्तराखंड शासन के राजस्व अनुभाग-1 द्वारा जनपद चम्पावत की उप तहसील पुल्ला गुमदेश के मुख्यालय परिवर्तन के संबंध में महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की गई है।यह निर्णय प्रशासनिक सुगमता एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल द्वारा उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 की धारा 21 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूर्व में निर्गत अधिसूचनाओं में संशोधन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

नवीन आदेश के तहत अब उप तहसील पुल्ला गुमदेश का मुख्यालय पूर्व में निर्धारित गुरेली के स्थान पर किमतोली में स्थापित किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि उक्त उप तहसील का सृजन दिनांक 31 जनवरी 2015 को छीड़ाखाल को मुख्यालय बनाकर किया गया था, जिसके पश्चात संशोधन कर मुख्यालय गुरेली स्थानांतरित किया गया। वर्तमान अधिसूचना के माध्यम से अब किमतोली को नया प्रशासनिक मुख्यालय घोषित किया गया है।

## बच्चों को हीट वेव से बचाने को स्वास्थ्य परामर्श

**चंपावत।** जिले के मैदानी और कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता वयस्कों की तुलना में कम होती है, इसलिए गर्मी के इस मौसम में अभिभावकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा बच्चों पर गर्मी का असर बहुत तेजी से पड़ता है, इसलिए छोटी सी चूक भी गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है।

## राष्ट्रीय हिंदू संगठन के साप्ताहिक समागम का हुआ आयोजन



**पिथौरागढ़।** राष्ट्रीय हिन्दू संगठन पिथौरागढ़ के साप्ताहिक समागम का आयोजन टकाना स्थित कार्यालय में किया गया। पवन नाथ बजरंगी के प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड बनने के बाद प्रथम बार पिथौरागढ़ आगमन पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय हिंदू संगठन के कुमाऊं मंडल प्रभारी शेर सिंह धामी, समागम समिति के जिला अध्यक्ष प्रकाश राम, निगरानी समिति के जिला अध्यक्ष हेमंत बोहरा, जिला मीडिया प्रभारी मनोज भट्ट, निगरानी समिति के जिला उपाध्यक्ष करण फर्त्याल, सुनील बिष्ट, बजरंग दल के पूर्व प्रांत सुरक्षा प्रमुख सोनू पांडेय, मातृशक्ति वीरांगना प्रकोष्ठ की गीता भट्ट, जानकी भट्ट, मंजू जोशी, चंद्रकला भट्ट, तनुजा बोरा, दुर्गा देवी, हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह सामंत, कट्टर सनातनी प्रदीप जोशी, नवविवाहित हरीश जोशी व उनकी धर्मपत्नी कमला देवी आदि शामिल थे।

## पिथौरागढ़ में नशे के खिलाफ चला जागरुकता अभियान

**पिथौरागढ़।** स्किल बिज डेवलपमेंट फॉउंडेशन के तत्वाधान में गांधी चौक में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में युवाओं और कई सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। संस्था के निदेशक दीपक तिवारी ने बताया कि आज से इस अभियान की शुरुआत की गई है। संस्था द्वारा प्रत्येक वार्ड, पूरे शहर तथा गांव-गांव जाकर नशे के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। व्यापार संघ के अध्यक्ष तपन रावत ने संस्था के प्रयास की सराहना करते हुए पूर्ण समर्थन दिया और कहा कि जहां भी ऐसे अभियान चलेंगे, व्यापार संघ पूरा सहयोग करेगा। नगर निगम के पार्षद प्रवीण उपराली ने भी संस्था को शुभकामनाएं दीं और कहा कि नगर निगम एवं सभी पार्षद हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने आम नागरिकों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की तरफ से नंदन सिंह अधिकारी, युवा राहुल तिवारी, अमन लुंठी, शिवांश पंत, हिमांशु शर्मा, हिमांशु हरकोटिया समेत कई युवा व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## डीएम के निर्देश पर मंच में पाइपलाइन मरम्मत जारी, टैंकरों से की जा रही पेयजल आपूर्ति

**चंपावत।** जनपद चम्पावत के सीमांत क्षेत्र मंच में उत्पन्न पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर पेयजल आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने के लिए जल संस्थान द्वारा त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।मंच क्षेत्र की बाधित पेयजल लाइनों की सफाई एवं मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को प्राकृतिक स्रोतों या



हैंडपंपों पर निर्भर न रहना पड़े।जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रवि प्रकाश डोबवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय जांच में मंच पंपिंग पेयजल योजना की राइजिंग मेन (मुख्य पाइपलाइन) में क्षति एवं अवरोध की पुष्टि हुई है। तकनीकी टीम द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत तेजी से की जा रही है, साथ ही पंपिंग प्लांट में आ रही तकनीकी खामियों को भी दूर किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि जब तक योजना पूर्ण रूप से सुचारू नहीं हो जाती, तब तक मंच एवं डूबाजैनाल क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। विभाग द्वारा विशेष रूप से यह ध्यान रखा जा रहा है कि स्थानीय निवासियों के साथ-साथ विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों वाले परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।अधिशासी अभियंता ने यह भी अवगत कराया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर पंपिंग योजना को पूर्ण रूप से संचालित कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

## बारात में गए युवक को लाठी डंडों से पीट कर किया घायल

**बाराकोट।** ब्लॉक के सील गांव से एक बारात मऊ गई हुई थी। बारात जैसे ही दुल्हन के घर पहुंची तो तभी बारात में शामिल कुछ युवाओं के बीच झड़प होने लगे। तभी बारात में शामिल सील गांव के दिनेश सिंह पुत्र दीवान सिंह बीच बचाव में गए तो बारात में शामिल कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया जिस में दिनेश सिंह घायल हो गए उनके सर पर काफी चोट आई है। घायल



दिनेश सिंह के पिता दीवान सिंह ने बताया बीच बचाव करने गए उनके बेटे पर सील गांव के ही बारात में शामिल कुछ लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। उन्होंने बताया जब वह बीच बचाव में गए तो उन लोगों पर भी हमला किया गया जिसमें उनको भी हल्की चोटे लगी है । बताया किसी तरह अपने बेटे को उन्होंने हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। उन्होंने बताया वह लोग तत्काल बारात छोड़ अपने बेटे को लेकर लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय लाए। उन्होंने बताया जहां उपचार के बाद उनके बेटे को चंपावत जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है जहा पर उनका उपचार चल रहा है। दीवान सिंह ने बताया उनके द्वारा लोहाघाट थाने में घटना की लिखित सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा इन लोगों से उनके परिवार को जान का खतरा है। आरोपियों के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है।उन्होंने पुलिस से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया उनके बेटे के सर पर आठ टांके आए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेगरू राजमार्ग पर चलाया स्वच्छता अभियान



**बाराकोट।** ब्लॉक के नौ गांव रेगरू के युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ी पहल की। ग्राम खकोड़ा राई और मझीगुरना के युवाओ ने क्षेत्र पंचायत सदस्य दरबान मेहता व ग्राम प्रधान गणेश सिंह मेहता के नेतृत्व में रेगडु राजमार्ग पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान युवाओं ने बड़ी मात्रा में सड़क किनारे बिखरे अजैविक कूड़े, प्लास्टिक और कांच के टुकड़ों को साफ कर समाज को स्वच्छता का एक सकारात्मक संदेश दिया। तथा लोगों से भी सड़कों व सार्वजनिक स्थान में कूड़ा न फेंकने की अपील की। स्वच्छता अभियान में में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने मिलकर श्रमदान किया। अभियान में क्षेत्र पंचायत सदस्य दरवान सिंह मेहता, ग्राम प्रधान गणेश सिंह मेहता, मोहन सिंह मेहता, तारा सिंह अधिकारी, प्रकाश मेहता विनोद मेहता, रवि मेहता, सचिन, संदीप, नीरज, धीरज, जतिन मेहता सहित कई युवा शामिल रहे। क्षेत्र पंचायत सदस्य दरबान मेहता ने कहा युवाओं का यह प्रयास क्षेत्र के अन्य नागरिकों के लिए एक प्रेरणा है सामूहिक प्रयासों से ही हम अपनी देवभूमि को स्वच्छ और सुंदर बनाए रख सकते हैं।

# सड़क मरम्मत में देरी पर किसान महासभा का आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी ने लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर बागजाला (गौलापार) क्षेत्र में सड़क मरम्मत कार्य में हो रही देरी पर कड़ा रोष व्यक्त किया। समिति ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

किसान महासभा के प्रतिनिधियों ने बताया कि 17 मार्च 2026 को कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया था। उस दौरान अधिशासी अभियंता ने सड़क मरम्मत कार्य तत्काल शुरू कराने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके, एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है, जबकि इसके लिए बजट भी स्वीकृत हो चुका है।

प्रतिनिधियों ने कहा कि बागजाला क्षेत्र की सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण क्षेत्र में जन आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने विभाग से मांग की कि



मरम्मत कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू कराया जाए, अन्यथा किसान महासभा को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

अधिशासी अभियंता की अनुपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सहायक अभियंता को सौंपा। सहायक अभियंता ने आश्वासन दिया कि वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में भाकपा (माले) नैनीताल जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय, किसान महासभा बागजाला कमेटी की उपाध्यक्ष विमला देवी, कोषाध्यक्ष मीना भट्ट, पूर्व प्रधानाचार्य प्रेम सिंह नयाल, हेमा आर्य, नंद किशोर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य शुरू

**हल्द्वानी।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में दीपक रावत (आयुक्त कुमाऊँ मंडल एवं सचिव, मुख्यमंत्री) ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए संगणक एवं गणना टीमें घर-घर जाकर आवश्यक सूचनाएं एकत्र कर रही हैं। उन्होंने बताया कि गणना कर्मियों के पास अधिकृत सरकारी पहचान पत्र होगा, जिसे नागरिक सत्यापित कर सकते हैं। ये टीमें प्रत्येक घर से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगी, इसलिए आमजन से अपील की गई है कि वे इस राष्ट्रीय कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गणना के दौरान भवनों पर मार्किंग अथवा नंबरिंग की जा सकती है, जिसका विरोध न किया जाए, क्योंकि यह प्रक्रिया जनगणना कार्य का आवश्यक हिस्सा है।

किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए नागरिक टोल-फ्री नंबर 1855 (प्रात: 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक) पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सहयोग करें, जिससे सटीक आंकड़े तैयार किए जा सकें।

## डे-केयर संस्था की बैठक में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**अल्मोड़ा।** डे-केयर संस्था ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत संग्रहालय सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिसमें 30 वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न जांचें की गईं। शिविर में एक्स-रे, हीमोग्लोबिन, शुगर और रक्तचाप की जांच की गई। एक्स-रे विशेषज्ञ डॉ. डेनियल, डॉ. प्रदीम, मनोज रावत, ललित जोशी सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीन विभिन्न चिकित्सालयों से आए तकनीकी विशेषज्ञों ने जांच में सहयोग किया। शिविर के आयोजन में सेवानिवृत्त स्वास्थ्य निदेशक डॉ. जेसी दुर्गापाल का विशेष योगदान रहा। डे-केयर सेंटर के अध्यक्ष हेम चंद्र जोशी सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने चिकित्सा शिविर आयोजित करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी और विशेष रूप से डॉ. जेसी दुर्गापाल के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में किशोर चंद्र जोशी, आनंद सिंह बगड़वाल, पीएस सत्याल, गिरीश चंद्र जोशी, विपिन जोशी, बालादत्त कांडपाल, एमसी कांडपाल, अनुजा साह सहित अन्य लोगों की जांच की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संग्रहालय के निदेशक सीएस चौहान और कार्यालय कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। संस्था ने बताया कि अगला चिकित्सा शिविर गणेश मंदिर लिंक रोड स्थित आध्यात्मिक केंद्र ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय आश्रम और खत्याड़ी देवी मंदिर में आयोजित किया जाएगा।

## महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र के विकास के लिए एक छोटी सी पहल पिलखवाल

**अल्मोड़ा।** मानस अकादमी के तत्वाधान में आयोजित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का आयोजन राइका बाड़े छीना खेल मैदान पर लिया जारहा है, जिसमें 12 टीमों ने प्रतिभाग किया, आज सभी फाइनल मुकाबला बाड़े छीना फाइटर और सन साइन एकेडमी बाडेछीना और - क्याप स्टाइगर सोमेश्वर व गोलाजू इलेवन के बीच खेले गये जिसमें सनसाझ क्रिकेट एकाडेमी बाडेछीना और गोलजू इलेवन द्वाराहाट ने फाइनल में अपनी जगह बनाई, आज के सेमी फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री हथकरघा एण्ड हस्तशिल्प विकास गोविन्द पिलख्वाल की गरिमामयी उपास्थिति रही- मुख्य अतिथि ने अपने शब्दो कहा कि मानस अकादमी की यह पहल महिलाओं को उच्चशिखर तक ले जाने का प्रयास करेगी, आयोजकों इस सराहनीय कार्य के यह बधाई दी उन्होंने कहा कि हमारी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं शहरी महिलाओं के साथ कंधा से कंधा मिलाकर आगेबढ़ेगी इसअवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य भगवत कुमार, कुवर पैनवाल जगदीश सुयाल खिलनानंद भट्ट पंकज पैनवाल आशीष कुमार,शाहिद आदि लोग मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार द्वारा किया गया

## गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पुलिस हॉकी प्रतियोगिता का भव्य समापन

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित 03 दिवसीय 23वीं प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस हॉकी प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में 46वीं वाहिनी पीएसी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आईआरबी प्रथम को 11-02 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न जनपदों एवं वाहिनियों की टीमों ने उच्च स्तर का खेल और अनुशासन प्रदर्शित किया। फाइनल मुकाबले में 46वीं वाहिनी पीएसी की आक्रामक रणनीति के आगे आईआरबी प्रथम की टीम टिक नहीं सकी।

प्रतियोगिता में 46वीं वाहिनी पीएसी ने प्रथम, आईआरबी प्रथम ने द्वितीय तथा जनपद उधमसिंह नगर ने तृतीय




स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रशान्त जोशी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना बनाए रखने और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार कानि0 अमित लटवाल, बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार पीसी विजय मोहन तथा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब कानि0 विक्रम सिंह को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का सफल संचालन डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# महिला आक्रोश रैली का ऐलान

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के विरोध के खिलाफ उतरेगी भाजपा



**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महिला आक्रोश रैली निकालने का ऐलान किया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि यह रैली नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुद्दे पर विपक्ष के रुख के विरोध में आयोजित की जा रही है।

मंत्री के अनुसार, यह मशाल यात्रा गांधी पार्क से घंटाघर तक लगभग 300 मीटर के दायरे में निकाली जाएगी। इस रैली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल होंगे। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी के साथ इसे एक मजबूत जनसंदेश के रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी है। प्रेस वार्ता के दौरान रेखा आर्या ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने महिलाओं के अधिकारों को कमजोर करने का काम किया है। उनका कहना था कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विधेयक पर विरोध जताकर विपक्ष ने महिलाओं के हितों के खिलाफ रुख अपनाया है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने 16 से 18 अप्रैल तक चले विशेष सत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार की मंशा स्पष्ट थी, लेकिन विपक्ष ने इसे विफल करने की कोशिश की।

रेखा आर्या ने यह भी कहा कि धामी सरकार द्वारा महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जो प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी को और मजबूत करेगा।

## अपनी ही सरकार पर कार्यकर्ताओं ने लगाए जमाखोरी व कालाबाजारी के आरोप

**अल्मोड़ा।** जिले में एक दिलचस्प सियासी स्थिति देखने को मिली, जब बीजेपी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बाजार में जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। एक तरह से भाजपा सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि वर्तमान में स्थानीय, प्रदेश और केंद्र स्तर पर बीजेपी की ट्रिपल इंजन की सरकार है। उसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ता प्रशासनिक ढिलाई का आरोप लगा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने बकायदा चेतावनी दी है अगर कार्रवाई नहीं होती तो सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुछ व्यापारी उपभोक्ता वस्तुओं की जमाखोरी कर उसे बाद में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। जिससे आम जनता और छोटे दुकानदार प्रभावित हो रहे हैं। थोक व्यापारियों के गोदामों, स्टॉक रजिस्टर और बिलिंग व्यवस्था की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही बाजार में पारदर्शिता लाने के लिए थोक और फुटकर दर सूची सार्वजनिक करने की भी अपील की गई। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा।

इस संबंध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डीएम अंशुल सिंह के माध्यम से जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। ताकि किसी संकट से निपटा जा सके। इस घटनाक्रम ने राजनीतिक गलियारों में यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जब सत्ता अपने ही हाथ में है, तब भी जमीनी स्तर पर समस्याएं क्यों बनी हुई हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुरुरानी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, संजय डालाकोटी मौजूद थे।

## केसरी देवी मेमोरियल अवार्ड सम्मान समारोह आयोजित, मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**उत्तरकाशी ( मोहन सिंह राणा )।** ऋषिराम शिक्षण संस्थान, जोशियाड़ा (उत्तरकाशी) में केसरी देवी मेमोरियल अवार्ड सम्मान समारोह बड़े ही गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रतिभा और परिश्रम के लिए सम्मानित करते हुए पुरस्कार एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गणपति प्रसाद जगूड़ी (संस्थापक/अध्यक्ष) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री ओम प्रकाश भट्ट (वरिष्ठ सदस्य, विद्यालय प्रबंधन समिति) एवं डॉ. अरविंद जगूड़ी (प्रबंधक, विद्यालय प्रबंधन समिति) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एस. के. मिश्रा ने की।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री गणपति प्रसाद जगूड़ी ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के महत्व को समझाते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह छात्रों को आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर कुल 18 मेधावी छात्र-छात्राओं को केसरी देवी मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के अंतर्गत छात्रों को प्रशस्ति पत्र के साथ नकद प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई।

प्रमुख पुरस्कार विजेताओं में ध्रुव सिंह को 5100 रुपये की राशि के साथ सम्मानित किया गया। वहीं तृप्ति सेमवाल, रिवाली तोमर, दिया एवं श्रेष्टि राणा को 2100-2100 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। इसके अतिरिक्त शुभ नौटियाल, देवांग गुलेरिया, हिमेश सेमवाल, ऋषभ सिंह, पलक, दिव्यांशी, मोहित भट्ट, नंदनी, अर्शव सेमवाल, साक्षी रतूड़ी, प्राची कोहली, अंशिका भट्ट एवं रौशन अली को 1100-1100 रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि यह पुरस्कार प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. एस. के. मिश्रा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं।

समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## वित्तीय साक्षरता से ही सशक्त होगा समाज : मल्होत्रा



**देहरादून।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने देहरादून जिले के भोपालपानी, बडासी और सोडा सरौली ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों के लिए आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का दौरा किया। यह शिविर क्रिसिल फाउंडेशन के सहसपुर स्थित वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) द्वारा आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर गवर्नर मल्होत्रा ने वित्तीय साक्षरता को सामाजिक सशक्तिकरण की आधारशिला बताते हुए कहा कि जागरूक नागरिक ही मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण करते हैं। उन्होंने लोगों को वित्तीय योजनाओं की जानकारी लेने और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया, जिससे दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने विशेष रूप से भारत सरकार की पेंशन और बीमा से जुड़ी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं का अधिकतम लाभ ग्रामीण और वंचित वर्ग तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने सीएफएल के अधिकारियों से अपील की कि वे दूरदराज क्षेत्रों में वित्तीय शिक्षा के प्रसार के लिए अपने प्रयास और तेज करें, ताकि वास्तविक अर्थों में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया जा सके।

गवर्नर ने शिविर में मौजूद प्रतिभागियों से भी संवाद किया और उन्हें प्रेरित किया कि वे यहां प्राप्त जानकारी को अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों तक पहुंचाएं। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से बातचीत के दौरान उन्होंने उनके कार्यों की सराहना की।

शिविर के दौरान बिजनेस कोरेस्पोंडेंट्स (बीसी) द्वारा बैंकिंग सेवाएं प्रदान की गईं, जिसमें खाता संचालन, नकद लेन-देन और अन्य वित्तीय सुविधाएं शामिल थीं। इसके अलावा, सिक्कों और नोटों के विनिमय के लिए विशेष काउंटर लगाए गए थे तथा एक मोबाइल एटीएम वैन भी उपलब्ध कराई गई थी।

कार्यक्रम में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें गवर्नर ने विशेष रुचि दिखाई और उनकी सराहना की।

इस अवसर पर आरबीआई देहरादून के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार सहित पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा ब्लॉक विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग की लापरवाही हादसा टला

**चंपावत।** जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत कोट अमोडी के सन्दर्का तोक में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया है। फिलहाल अभी भी पोल में लगातार करेंट दौड़ रहा है। पोल में करंट आने से नीचे जमीन में भी आग लग गई। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई।

सोमवार को छतकोट से दियूरी को जाने वाली 11 हजार वाली लाइन में बिजली के झूलते तार आपस में टच हो गए जिससे पोल में करंट दौड़ने से नीचे जमीन में भीषण आग लग गई। बगल में घर में रह रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। लेकिन नीचे रखी जलाने वाली सारी लकड़ियां जलकर राख हो गई। ग्रामीण डूंगर देव ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से बिछाई गई विद्युत लाइन के तार और जम्फर को काफी नजदीक में जोड़ा गया है जिससे किसी भी समय तार आपस में टच होने का खतरा बना हुआ है। बताया अचानक पोल में करंट दौड़ने से नीचे भी भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि कोई आदमी या जनवरी उसकी चपेट में नहीं आया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। लगातार बिजली पोल में अभी भी करंट दौड़ने से खतरा अभी भी बना हुआ है। उन्होंने जल्द से जल्द बिजली के तारों को ठीक करने की मांग उठाई है।

## भाजपा नेता नंदन नेगी को मातृ शोक

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर विधानसभा के धौलादेवी ब्लाक के कुंजा ग्राम निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंदन नेगी की माता गीता नेगी(73) पत्नी डूंगर सिंह नेगी पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी भैंसियाछाना का उनके निवास स्थान कुंजा में निधन हो गया है,वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी,उनकी अंतयेष्टि जागेश्वर शमशान घाट मे की गयी । उनके निधन पर अनेक राजनीतिक, सामाजिक व छात्र संगठनों ने दु:ख व्यक्त किया है ।


ADMISSION OPEN

Wisdom Senior Sr. school
Affiliated to CBSE 2003





Facilities & Events
- Drinking Water
- Toilet facilities
- Classroom
- Sports
- Transport
- Labs
- Library
- IT Infrastructure
- Indoor Games
- Dance Rooms
- Health and Medical Check up
- Recitation Competition
- Sports Day
- Music Competition
- Extra-Curricular Activities
- Dancing Activity Competition
- Fancy Dress
- Calligraphy





Add:- Panchayat Ghar Rampur Road, Haldwani Mob: 6397935488
E-mail ID-wisdompublishool926@gmail.com